Prepp
Your Personal Exams Guide

# UGC NET PAPER 2 DECEMBER 27, 2015 SHIFT 1 PSYCHOLOGY QUESTION PAPER

**Note :** This paper contains **fifty (50)** objective type questions of **two (2)** marks each. **All** questions are **compulsory**.

**1.** Motion sickness can occur when :

(a) one loses his vestibular sense.

(b) one relies only on visual information.

(c) one's visual information and vestibular system's information are congruent.

(d) one's visual system and vestibular system are in conflict.

**Codes :**

| | | | |
|---|---|---|---|
| (1) | (a) only | (2) | (a) and (b) |
| (3) | (d) only | (4) | (a) and (d) |

**2.** Read each of the following two statements - **Assertion (A)** and **Reason (R)** and indicate your answer using the codes given below :

**Assertion (A) :** Iconic store is a discrete visual sensory store.

**Reason (R) :** Because information is believed to be stored in the form of visual codes.

**Codes :**

(1) Both **(A)** and **(R)** are true and **(R)** is the correct explanation of **(A)**.

(2) Both **(A)** and **(R)** are true, but **(R)** is not the correct explanation of **(A)**.

(3) **(A)** is true, but **(R)** is false.

(4) **(A)** is false, but **(R)** is true.

**3.** Backward Conditioning occurs when :

(1) CS and US are presented simultaneously

(2) CS is presented first and US is presented before the termination of CS

(3) CS is presented first and US is presented after the termination of CS

(4) US is presented first and CS is presented after the termination of US

Prepp
Your Personal Exams Guide

**निर्देश :** इस प्रश्न-पत्र में **पचास (50)** बहु-विकल्पीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के **दो (2)** अंक हैं। **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं।

**1.** गति सम्बंधी रोग उस स्थिति में होता है :

(a) जब किसी की प्रघाण संवेदना समाप्त हो जाती है।

(b) जब कोई व्यक्ति केवल दृश्य सूचनाओं पर निर्भर रहता है।

(c) जब किसी भी दृश्य सूचनाओं और प्रघाण तंत्र की सूचना में तालमेल होता है।

(d) जब किसी के दृश्य तन्त्र और प्रघाण तंत्र में परस्पर अन्तर्द्वन्द्व होता है।

**कूट :**

(1) केवल (a) (2) (a) और (b)

(3) केवल (d) (4) (a) और (d)

**2.** निम्नलिखित दो कथनों - **अभिकथन (A)** और **तर्क (R)** को पढ़िए और नीचे दिए गए कूटों का उपयोग करते हुए अपना उत्तर दीजिए :

**अभिकथन (A) :** प्रतिमापरक भण्डार, विच्छिन्न दृष्टि संवेदी भण्डार है।

**तर्क (R) :** क्योंकि ऐसा माना जाता है कि सूचना दृष्टि कूटों के रूप में भण्डारित होती है।

**कूट :**

(1) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं और **(R), (A)** की सही व्याख्या है।

(2) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं, लेकिन **(R), (A)** की सही व्याख्या नहीं है।

(3) **(A)** सही है, लेकिन **(R)** गलत है।

(4) **(A)** गलत है, लेकिन **(R)** सही है।

**3.** जब पश्चगामी अनुबंधन होता है :

(1) अनुकूलित उद्दीपक और अनानुकूलित उद्दीपक साथ-साथ प्रस्तुत होते हैं।

(2) अनुकूलित उद्दीपक पहले मौजूद होता है और अनानुकूलित उद्दीपक अनुकूलित उद्दीपक के परिसमापन के पूर्व प्रस्तुत होता है।

(3) अनुकूलित उद्दीपक पहले मौजूद होता है और अनानुकूलित उद्दीपक अनुकूलित उद्दीपक के परिसमापन के पश्चात् प्रस्तुत होता है।

(4) अनानुकूलित उद्दीपक पहले प्रस्तुत होता है और अनानुकूलित उद्दीपक के परिसमापन के पश्चात् अनुकूलित उद्दीपक मौजूद होता है।

Prepp
Your Personal Exams Guide

**4.** Which among the following defines problem space ?

(a) An initial state

(b) A goal state

(c) A set of operations

**Codes :**

(1) (a) and (c) (2) (a) and (b) (3) (b) and (c) (4) (a), (b) and (c)

**5.** The James-Lange theory and the cognitive theory of emotion disagree on whether :

(1) specific brain centers are involved in specific emotions.

(2) bodily feedback determines which emotion is felt.

(3) individuals can judge their emotions accurately.

(4) there is no any biological involvement in human emotions.

**6.** Match **List-I** with **List-II** and select the **correct** answer by choosing from the codes given below :

| | **List-I** | | **List-II** |
|---|---|---|---|
| (a) | Binet | (i) | Intelligent people often have intelligent relatives |
| (b) | Broca | (ii) | Performance based intelligence tests eliminate cultural bias |
| (c) | Wechsler | (iii) | Correlation between intelligence and brain size |
| (d) | Galton | (iv) | Intelligence is a collection of mental abilities |

**Codes :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (2) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |
| (3) | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |
| (4) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |

**7.** Biologically based emotional and behavioural tendencies that are evident in early childhood represent :

(1) Trait (2) Type (3) Temperament (4) Style

Prepp Your Personal Exam Guide

**4.** निम्नलिखित में से कौन समस्या क्षेत्र को परिभाषित करते हैं?

(a) एक प्राथमिक अवस्था

(b) एक लक्ष्य अवस्था

(c) अभियानों का एक समूह

**कूट :**

(1) (a) और (c) (2) (a) और (b) (3) (b) और (c) (4) (a), (b) और (c)

**5.** संवेग के जेम्स-लैंगे व संज्ञानात्मक सिद्धांत निम्न में से किस पर सहमत **नहीं** हैं?

(1) विशिष्ट मस्तिष्क केंद्र विशिष्ट संवेगों में संलग्न होते हैं।

(2) शारीरिक निविष्टि (फीडबैक) तय करती है कि किस संवेग का अनुभव होता है।

(3) व्यक्ति अपने संवेगों के संबंध में सही ढंग से निर्णय ले सकते हैं।

(4) मानवीय संवेगों में कोई जैविक संलिप्तता नहीं होती है।

**6.** **सूची-I** और **सूची-II** को सुमेलित कीजिए और नीचे दिए गए कूटों में से **सही** उत्तर चुनिए :

| **सूची-I** | **सूची-II** |
|---|---|
| (a) बिनेट | (i) बुद्धिमान लोगों के रिश्तेदार प्राय: बुद्धिमान होते हैं |
| (b) ब्रोका | (ii) निष्पादन आधारित बुद्धि परीक्षण सांस्कृतिक बायस को समाप्त करती है |
| (c) वेस्लर | (iii) बुद्धि और मस्तिष्क के आकार के बीच सह-संबंध |
| (d) गाल्टन | (iv) बुद्धि-मानसिक क्षमताओं का संग्रह है |

**कूट :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (2) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |
| (3) | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |
| (4) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |

**7.** बचपन में पाई जाने वाली जीव विज्ञान आधारित भावनात्मक और व्यवहार संबंधी प्रवृत्तियाँ निम्नलिखित का प्रतिनिधित्व करती हैं :

(1) शील-गुण (2) प्रकार (3) स्वभाव/प्रकृति (4) शैली

8. In Jungian theory, the idea that energy is automatically redistributed in the psyche in order to achieve equilibrium or balance depicts :

(1) Principle of Equivalence (2) Principle of Synchronicity

(3) Principle of Entrophy (4) Principle of Opposites

9. After the recent terrorist attacks in France, a psychologist proposed a study wherein he would interview two hundred French citizens to find whether their attitude towards fate as a consequence of the attack. This study can best be labelled as :

(1) attitude change experiment (2) field experiment

(3) ex post facto study (4) psychometric study

10. Match **List-I** with **List-II** and select the **correct** answer by choosing from the codes given below :

| | **List-I** | | **List-II** |
|---|---|---|---|
| | **(Cutaneous receptors)** | | **(Responds to)** |
| (a) | Free nerve endings | (i) | Sudden displacement of skin |
| (b) | Ruffini endings | (ii) | Gradual skin indentation |
| (c) | Merkel's disks | (iii) | Gradual skin stretch |
| (d) | Pacinian corpuscles | (iv) | Temperature change and pain |

**Codes :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (2) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |
| (3) | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |
| (4) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |

11. Read each of the following two statements - **Assertion (A)** and **Reason (R)** and indicate your answer using the codes given below :

**Assertion (A) :** A tree shall appear in same perceived size whether one views it from near or far point.

**Reason (R) :** The size of retinal image remains invariant.

**Codes :**

(1) Both **(A)** and **(R)** are true and **(R)** is the correct explanation of **(A)**.

(2) Both **(A)** and **(R)** are true, but **(R)** is not the correct explanation of **(A)**.

(3) **(A)** is true, but **(R)** is false.

(4) **(A)** is false, but **(R)** is true.

8. जुंगियन सिद्धांत में यह विचार कि ऊर्जा का पुन: वितरण मानस में अपने आप हो जाता है ताकि संतुलन बना रहे, निम्नलिखित सिद्धांत को दर्शाता है :

(1) तुल्यता का सिद्धांत
(2) समकालिकता का सिद्धांत
(3) तारतम्यता का सिद्धांत
(4) विपरीतता का सिद्धांत

9. हाल में फ्रांस में आतंकवादी आक्रमण के बाद एक मनोवैज्ञानिक ने ऐसा अध्ययन करने का प्रस्ताव किया जिसमें वह दो सौ फ्रांसीसी नागरिकों का साक्षात्कार लेकर यह पता लगाएगा कि क्या वे इस आक्रमण का कारण भाग्य को मानते हैं। इस अध्ययन को          कहा जाता है।

(1) अभिवृत्ति परिवर्तन प्रयोग
(2) क्षेत्र प्रयोग
(3) घटनोत्तर अध्ययन
(4) मनोमितीय अध्ययन

10. **सूची-I** को **सूची-II** के साथ सुमेलित कीजिए तथा निम्नलिखित कूटों का प्रयोग करते हुए **सही** उत्तर का चयन कीजिए :

| **सूची-I (त्वचीय संग्राहक)** | **सूची-II (से अनुक्रिया)** |
|---|---|
| (a) मुक्त स्नायु अंतिम छोर | (i) आकस्मिक त्वचा विस्थापन |
| (b) रूफिनी अंतिम छोर | (ii) शनै:-शनै: त्वचा दंतुरीकरण |
| (c) मर्कल पट्टिका | (iii) शनै:-शनै: त्वचा प्रसार |
| (d) पैसेनियन कणिका | (iv) तापक्रम परिवर्तन और पीड़ा |

**कूट :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (2) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |
| (3) | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |
| (4) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |

11. निम्नलिखित दो कथनों – **अभिकथन (A)** और **तर्क (R)** को पढ़िए और नीचे दिए गए कूटों का उपयोग करते हुए सही उत्तर दीजिए :

**अभिकथन (A) :** पास या दूर से देखने पर कोई पेड़ उसी प्रत्यक्षात्मक आकार में प्रतीत होगा।

**तर्क (R) :** अक्षिपटलीय आकृति का आकार अपरिवर्तनीय रहता है।

**कूट :**

(1) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं और **(R), (A)** की सही व्याख्या है।
(2) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं परंतु **(R), (A)** की सही व्याख्या नहीं है।
(3) **(A)** सही है, लेकिन **(R)** गलत है।
(4) **(A)** गलत है, लेकिन **(R)** सही है।

12. Which of the following is **correct** while comparing classical and operant conditioning ?

(1) Operant conditioning takes place before reinforcement while classical conditioning takes place after reinforcement.

(2) Operant conditioning takes place as a result of some voluntary action while classical conditioning takes place without choice.

(3) In operant conditioning, response is elicited while in classical conditioning it is emitted.

(4) In operant conditioning magnitude of the response is the index of conditioning while in classical conditioning it is the rate of response.

13. Words learned under water are recalled :

(1) Better on land than under water

(2) Better above land (sky) than on land

(3) Better above land (sky) than under water

(4) Better under water than on land

14. Read each of the following two statements - **Assertion (A)** and **Reason (R)** and indicate your answer using the codes given below :

**Assertion (A) :** People overlook flaws if the overall issue is perceived as important.

**Reason (R) :** People have some biases.

**Codes :**

(1) Both **(A)** and **(R)** are true and **(R)** is the correct explanation of **(A)**.

(2) Both **(A)** and **(R)** are true, but **(R)** is not the correct explanation of **(A)**.

(3) **(A)** is true, but **(R)** is false.

(4) **(A)** is false, but **(R)** is true.

**12.** श्रेण्य (क्लासिकल) और क्रियाप्रसूत (आपरेन्ट) अनुकूलन की तुलना करते समय निम्नलिखित में से कौन सा **सही** है?

(1) क्रियाप्रसूत अनुकूलन पुनर्बलन से पहले होता है जबकि प्राचीन (क्लासिकल) अनुकूलन पुनर्बलन के बाद होता है।

(2) क्रियाप्रसूत अनुकूलन कुछ ऐच्छिक क्रिया के फलस्वरूप होता है जबकि प्राचीन अनुकूलन बिना किसी विकल्प के होता है।

(3) क्रियाप्रसूत अनुकूलन में अनुक्रिया प्राप्त की जाती है जबकि प्राचीन अनुकूलन में उत्सर्जित होती है।

(4) क्रियाप्रसूत अनुकूलन में अनुक्रिया की गहनता अनुकूलन का सूचक है जबकि प्राचीन अनुकूलन में यह अनुक्रिया संख्या दर होती है।

**13.** पानी के अंदर याद किए गए शब्दों को पुन:स्मरण किया जाता है :

(1) पानी के अंदर की तुलना में जमीन पर बेहतर

(2) जमीन पर की तुलना में जमीन से ऊपर (आकाश) बेहतर

(3) पानी के अंदर की तुलना में जमीन से ऊपर (आकाश) बेहतर

(4) जमीन पर की तुलना में पानी के अंदर बेहतर

**14.** निम्नलिखित दो कथनों – **अभिकथन (A)** और **तर्क (R)** को पढ़िए और नीचे दिए गए कूटों का उपयोग करते हुए सही उत्तर दीजिए :

**अभिकथन (A) :** यदि समूचे मामले को महत्वपूर्ण समझा जाए तो व्यक्ति उसकी कमियों की ओर ध्यान नहीं देता है।

**तर्क (R) :** व्यक्तियों में कुछ बायसिज (अभिनति) होते हैं।

**कूट :**

(1) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं और **(R), (A)** की सही व्याख्या है।

(2) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं, परंतु **(R), (A)** की सही व्याख्या नहीं है।

(3) **(A)** सही है, लेकिन **(R)** गलत है।

(4) **(A)** गलत है, लेकिन **(R)** सही है।

Prepp
Your Personal Exams Guide

**15.** Simi is totally blind, but she follows a 24-hr day-night cycle like the rest of us, and seems comfortably adapted to it. Studies on animals suggest she relies on :

(a) a built-in rhythm in her Supra-Chiasmatic Nucleus (SCN).

(b) non-visual receptors in her eyes.

(c) social activity

(d) clocks

**Codes :**

(1) (b) only (2) (d) only (3) (c) and (d) (4) (a), (c) and (d)

**16.** Flynn effect is :

(1) High IQ score of a generation in comparison to succeeding generation.

(2) High IQ score of a generation in comparison to preceding generation.

(3) A person's increase in accumulated knowledge with increase in age.

(4) A person's change in accumulated knowledge with increase in age.

**17.** Which of the following sequence is **correct** ?

(1) Oral phase → Anal phase → Latency → Phallic → Genital

(2) Anal → Oral → Phallic → Latency → Genital

(3) Oral → Anal → Phallic → Latency → Genital

(4) Oral → Phallic → Anal → Genital → Latency

**18.** Which one of the following is considered as a non-parametric alternative to one-way ANOVA for independent samples ?

(1) Kruskal - Wallis H test (2) Mann - Whitney U test

(3) Kolmogorov - Smirnov test (4) Friedman's ANOVA

15. सिमी को बिलकुल दिखाई नहीं देता, परंतु वह शेष हम लोगों के समान ही 24 घंटे के दिन-रात (दैनिक चक्र) का पालन करती है और ऐसा लगता है कि वह पूरी तरह से इसके अनुकूल हो गई है। पशुओं पर किए अध्ययनों से पता चलता है कि वह निम्नलिखित में से किसी एक पर निर्भर है :

(a) उसके सुपरा-कियाजमैटिक केन्द्रक (एस.सी.एन) में अन्तर्निहित सामंजस्य

(b) आँखों में अदृश्यात्मक संग्राहक

(c) सामाजिक क्रिया

(d) घड़ियाँ

**कूट :**

(1) केवल (b) (2) केवल (d) (3) (c) और (d) (4) (a), (c) और (d)

16. फ्लाइन प्रभाव है :

(1) किसी पीढ़ी का उसकी अनुवर्ती पीढ़ियों की तुलना में उच्च बुद्धि लब्धि (आई.क्यू.) अंक

(2) किसी पीढ़ी का उसकी पूर्ववर्ती पीढ़ियों की तुलना में उच्च बुद्धि लब्धि (आई.क्यू.) अंक

(3) आयु में वृद्धि के साथ-साथ व्यक्ति के संचित ज्ञान में वृद्धि

(4) आयु में वृद्धि के साथ-साथ व्यक्ति के संचित ज्ञान में परिवर्तन

17. निम्नलिखित में से कौन-सा क्रम **सही** है?

(1) मुखीय चरण → गुदीय चरण → शिश्नीय चरण → लैंगिक चरण → जननीय चरण

(2) गुदीय → मुखीय → लैंगिक → शिश्नीय → जननीय

(3) मुखीय → गुदीय → लैंगिक → शिश्नीय → जननीय

(4) मुखीय → लैंगिक → गुदीय → जननीय → शिश्नीय

18. निम्नलिखित में से किसे एकल पथ प्रसरण विश्लेषण (ए.एन.ओ.वी.ए.) का अप्राचलिक विकल्प माना जाता है?

(1) क्रुसकाल - वालिस एच टेस्ट (2) मैन ह्विटने यू (U) टेस्ट

(3) कोल्मोगोरोव - स्मिरनोव टेस्ट (4) फ्रिडमैन्स एनोवा

**19.** Read each of the following two statements - **Assertion (A)** and **Reason (R)** and indicate your answer using the codes given below :

**Assertion (A) :** Action potentials normally travel along axons in one direction.

**Reason (R) :** The portions of an axon over which an action potential has just travelled are left momentarily refractory.

**Codes :**

(1) Both **(A)** and **(R)** are true and **(R)** is the correct explanation of **(A)**.

(2) Both **(A)** and **(R)** are true, but **(R)** is not the correct explanation of **(A)**.

(3) **(A)** is true, but **(R)** is false.

(4) **(A)** is false, but **(R)** is true.

**20.** Match **List-I** with **List-II** and select the **correct** answer by choosing from the codes given below :

| | **List-I (Cues)** | | **List-II (Perception)** |
|---|---|---|---|
| (a) | Linear perspective | (i) | Our two eyes observe objects from slightly different positions. |
| (b) | Aerial perspective | (ii) | Parallel lines appears to converge at distance. |
| (c) | Atmospheric perspective | (iii) | Objects below the horizon appear near. |
| (d) | Retinal disparity | (iv) | Farther away objects are less distinctly seen. |

**Codes :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (2) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |
| (3) | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |
| (4) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |

**21.** Read each of the following two statements - **Assertion (A)** and **Reason (R)** and indicate your answer using the codes given below :

**Assertion (A) :** A desirable behaviour of an individual can be effectively used as a reference for another less desirable activity.

**Reason (R) :** Premack has suggested that all responses should be thought of as potential reinforcers.

**Codes :**

(1) Both **(A)** and **(R)** are true and **(R)** is the correct explanation of **(A)**.

(2) Both **(A)** and **(R)** are true, but **(R)** is not the correct explanation of **(A)**.

(3) **(A)** is true, but **(R)** is false.

(4) **(A)** is false, but **(R)** is true.

19. निम्नलिखित दो कथनों – **अभिकथन** (A) और **तर्क** (R) को पढ़िए और नीचे दिए गए कूटों का उपयोग करते हुए सही उत्तर दीजिए :

**अभिकथन (A) :** क्रिया विभव सामान्यतया अक्षतंतु के साथ-साथ एक ही दिशा में प्रसारित होते हैं।

**तर्क (R) :** अक्षतंतु के जिस भाग में कोई क्रिया विभव तुरंत प्रसारित हुआ है, वे कुछ देर के लिए दुर्जेय हो जाते हैं।

**कूट :**

(1) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं और **(R), (A)** की सही व्याख्या है।

(2) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं, परंतु **(R), (A)** की सही व्याख्या नहीं है।

(3) **(A)** सही है, लेकिन **(R)** गलत है।

(4) **(A)** गलत है, लेकिन **(R)** सही है।

20. **सूची-I** को **सूची-II** के साथ सुमेलित कीजिए तथा निम्नलिखित कूटों का प्रयोग करते हुए **सही** उत्तर का चयन कीजिए :

| | **सूची-I (क्यू/संकेत)** | | **सूची-II (प्रत्यक्ष)** |
|---|---|---|---|
| (a) | रैखिक परिप्रेक्ष्य | (i) | हमारी दोनों आँखें कुछ भिन्न स्थिति से वस्तुओं को देखती हैं। |
| (b) | वायवीय परिप्रेक्ष्य | (ii) | समानान्तर रेखाएँ दूरी पर अभिसरित होती प्रतीत होती हैं। |
| (c) | वायुमंडलीय परिप्रेक्ष्य | (iii) | क्षितिज से नीचे की वस्तुएँ नजदीक प्रतीत होती हैं। |
| (d) | अक्षिपटलीय विषमता | (iv) | दूर स्थित वस्तुएँ कम स्पष्ट दिखती हैं। |

**कूट :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (2) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |
| (3) | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |
| (4) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |

21. निम्नलिखित दो कथनों – **अभिकथन** (A) और **तर्क** (R) को पढ़िए और नीचे दिए गए कूटों का उपयोग करते हुए अपना उत्तर दीजिए :

**अभिकथन (A) :** किसी व्यक्ति के वांछित व्यवहार का प्रभावी उपयोग किसी अन्य कम वांछनीय क्रिया के संदर्भ में किया जा सकता है।

**कारण (R) :** प्रीमेक का सुझाव था कि सभी अनुक्रियाओं को संभाव्य पुनर्बलक के रूप में समझा जाना चाहिए।

**कूट :**

(1) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं और **(R), (A)** की सही व्याख्या है।

(2) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं, लेकिन **(R), (A)** की सही व्याख्या नहीं है।

(3) **(A)** सही है, लेकिन **(R)** गलत है।

(4) **(A)** गलत है, लेकिन **(R)** सही है।

**22.** Which memory is the result of instrumental/motor learning processes ?

(1) Semantic memory (2) Episodic memory

(3) Sensory memory (4) Procedural memory

**23.** If you begin with a problem and come up with many different solutions; you are using ______, which is a form of creative thinking; contrarily sometimes you come up with correct solution by using ______ thinking.

(1) convergent, inductive (2) convergent, deductive

(3) convergent, divergent (4) divergent, convergent

**24.** Choose the **correct** formula to measure Body Mass Index (BMI).

(1) Weight in kg squared/height in meters

(2) Weight in kg squared/Height in meters squared

(3) Weight in kg/height in meters

(4) Weight in kg/height in meters squared

**25.** Which of the following are **not** identified by Thurstone ?

(a) Induction

(b) Spatial

(c) Symbolic

(d) Semantic

**Codes :**

(1) (a) and (b) (2) (c) and (d) (3) (a) and (c) (4) (a), (b) and (c)

22. कौन-सी स्मृति नैमेत्तिक/गतिक अधिगम प्रक्रिया का परिणाम है?

(1) शब्दार्थ स्मृति
(2) घटनाजन्य स्मृति
(3) ऐन्द्रिय स्मृति
(4) प्रक्रियात्मक स्मृति

23. यदि आप एक समस्या के समाधान का प्रारंभ करते हैं व विभिन्न प्रकार के समाधानों के बारे में सोचते हैं तो ______ प्रकार का सृजनात्मक चिंतन करते हैं। इसके विपरीत जब किसी समस्या का एक सही समाधान ढूँढ़ते हैं तो ______ प्रकार के चिंतन का उपयोग करते हैं :

(1) अभिसरण, आगमनिक तर्क
(2) अभिसरण, बहिर्गमनिक तर्क
(3) अभिसरण, अपसरण
(4) अपसरण, अभिसरण

24. बॉडी मास इंडेक्स (BMI) को मापने के लिए **सही** फार्मूले का चयन कीजिए :

(1) किलोग्राम में भार का वर्ग /मीटर में लंबाई
(2) किलोग्राम में भार का वर्ग/मीटर में लंबाई का वर्ग
(3) किलोग्राम में भार/मीटर में लंबाई
(4) किलोग्राम में भार/मीटर में लंबाई का वर्ग

25. थर्स्टन द्वारा निम्नलिखित में से किसका पता **नहीं** लगाया गया?

(a) प्रेरण
(b) स्थानिक
(c) प्रतीकात्मक
(d) शब्दार्थ विषयक

**कूट :**

(1) (a) और (b)
(2) (c) और (d)
(3) (a) और (c)
(4) (a), (b) और (c)

Prepp
Your Personal Exams Guide

**26.** Match the items of **List-I** with the items of **List-II**. Select the **correct** answer from the answer codes given below :

| | **List-I** | | **List-II** |
|---|---|---|---|
| | **(Concept)** | | **(Theorist)** |
| (a) | Rational Functions | (i) | Freud |
| (b) | Impetus | (ii) | Jung |
| (c) | Masculine Protest | (iii) | Adler |
| (d) | Hyper competitiveness | (iv) | Horney |

**Codes :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (2) | (ii) | (i) | (iii) | (iv) |
| (3) | (iii) | (ii) | (iv) | (i) |
| (4) | (iv) | (iii) | (i) | (ii) |

**27.** Match **List-I** with **List-II** and indicate your answer using the codes given below :

| | **List-I** | | **List-II** |
|---|---|---|---|
| | **(Types of variable)** | | **(Examples)** |
| (a) | Continuous variable | (i) | Examination results in terms of pass and fail |
| (b) | Real discrete variable | (ii) | Voice pitch |
| (c) | Artificially discrete variable | (iii) | Intelligence |
| (d) | Qualitative variable | (iv) | Nationality |

**Codes :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |
| (2) | (iii) | (i) | (iv) | (ii) |
| (3) | (ii) | (iv) | (i) | (iii) |
| (4) | (ii) | (i) | (iv) | (iii) |

Prepp
Your Personal Exams Guide

26. **सूची-I** को **सूची-II** के साथ सुमेलित कीजिए तथा निम्नलिखित कूटों का प्रयोग करते हुए **सही** उत्तर का चयन कीजिए :

| | **सूची-I** | | **सूची-II** |
|---|---|---|---|
| | **( अवधारणा )** | | **( सिद्धांती )** |
| (a) | तर्कसंगत प्रकार्य | (i) | फ्रायड |
| (b) | प्रेरक शक्ति | (ii) | जुंग |
| (c) | पुरुषोचित विरोध | (iii) | एडलर |
| (d) | अति-प्रतिस्पर्धा | (iv) | होर्नी |

**कूट :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (2) | (ii) | (i) | (iii) | (iv) |
| (3) | (iii) | (ii) | (iv) | (i) |
| (4) | (iv) | (iii) | (i) | (ii) |

27. **सूची-I** को **सूची-II** के साथ सुमेलित कीजिए तथा निम्नलिखित कूटों का प्रयोग करते हुए सही उत्तर का चयन कीजिए :

| | **सूची-I** | | **सूची-II** |
|---|---|---|---|
| | **( चर )** | | **( उदाहरण )** |
| (a) | निरंतर चर | (i) | उत्तीर्ण और अनुत्तीर्ण के रूप में परीक्षा के परिणाम |
| (b) | वास्तविक असतत चर | (ii) | स्वर तीव्रता |
| (c) | कृत्रिम असतत चर | (iii) | बुद्धि |
| (d) | गुणात्मक चर | (iv) | राष्ट्रीयता |

**कूट :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |
| (2) | (iii) | (i) | (iv) | (ii) |
| (3) | (ii) | (iv) | (i) | (iii) |
| (4) | (ii) | (i) | (iv) | (iii) |

**28.** In which lobe of the cerebral cortex, the primary olfactory cortex lies ?

(1) Frontal lobe
(2) Temporal lobe
(3) Occipital lobe
(4) Parietal lobe

**29.** "Factor Analysis is used as a means of confirming a structured model than as a means of discovering a structural model". This is true of which theory of intelligence ?

(1) Spearman
(2) Thurstone
(3) Jensen
(4) Guilford

**30.** Read each of the following two statements - **Assertion (A)** and **Reason (R)** and indicate your answer using the codes given below :

**Assertion (A) :** One focuses on the discovery of truth and interests that are empirical, critical and rational.

**Reason (R) :** A person high on economic values focuses on usefulness and practicality.

**Codes :**

(1) Both **(A)** and **(R)** are true and **(R)** is the correct explanation of **(A)**.

(2) Both **(A)** and **(R)** are true, but **(R)** is not the correct explanation of **(A)**.

(3) **(A)** is true, but **(R)** is false.

(4) **(A)** is false, but **(R)** is true.

**31.** A supervisor, who was asked to rate his subordinates on the basis of his observations, found an employee who did not take a medical leave in that year. On the basis of this observation, the supervisor rated the employee as 'medically fit', 'highly efficient' and 'meticulous'. This is an example of :

(1) lineancy error
(2) constant error
(3) tendency to give extreme rating
(4) halo effect

28. प्रमस्तिष्क वल्कुट के किस पिंडक में प्राथमिक घ्राण वल्कुट निहित होता है?

(1) अग्रललाट पालि
(2) शंख पालि
(3) अनुकपाल पालि
(4) भित्तीय पालि

29. ''कारक विश्लेषण का उपयोग किसी संरचनात्मक प्रतिरूप की खोज के उपाय की तुलना में संरचनात्मक प्रतिरूप की पुष्टि के उपाय के रूप में किया जाता है।'' किस बुद्धि सिद्धांत के लिए यह सत्य है?

(1) स्पीयरमेन
(2) थर्स्टन
(3) जेनसन
(4) गिलफोर्ड

30. निम्नलिखित दो कथनों - **अभिकथन (A)** और **तर्क (R)** को पढ़िए और नीचे दिए गए कूटों का उपयोग करते हुए सही उत्तर दीजिए :

**अभिकथन (A) :** यदि कोई व्यक्ति ऐसे सत्य और अभिरुचियों की खोज पर बल देता है जो प्रयोगात्मक, आलोचनात्मक और तर्कसंगत होते हैं।

**तर्क (R) :** उच्च आर्थिक मूल्यों का व्यक्ति उपयोगिता और व्यावहारिकता पर बल देता है।

**कूट :**

(1) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं और **(R), (A)** की सही व्याख्या है।
(2) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं, परंतु **(R), (A)** की सही व्याख्या नहीं है।
(3) **(A)** सही है, लेकिन **(R)** गलत है।
(4) **(A)** गलत है, लेकिन **(R)** सही है।

31. एक पर्यवेक्षक, जिसे प्रेक्षणों के आधार पर अपने अधीनस्थों का मूल्यांकन करने के लिए कहा गया था, ने पाया कि एक कर्मचारी ने उस वर्ष के दौरान चिकित्सा अवकाश नहीं लिया था। इस तथ्य के आधार पर पर्यवेक्षक ने उस कर्मचारी का मूल्यांकन 'चिकित्सीय दृष्टि से फिट', 'अत्यंत कार्यकुशल' और 'सतर्क' के रूप में किया। यह उदाहरण है :

(1) उदारता त्रुटि का
(2) स्थिर त्रुटि का
(3) अत्यधिक मूल्यनिर्धारण की प्रवृत्ति का
(4) परिचय प्रभाव का

Prepp
Your Personal Exams Guide

**32.** Which of the following parts of the basal ganglia constitute the striatum ?

(a) Amygdala

(b) Caudate

(c) Putamen

(d) Globus Pallidus

**Codes :**

(1) (a) and (b) (2) (a) and (c) (3) (b) and (c) (4) (c) and (d)

**33.** Among the laws of perceptual grouping, the law of simplicity is a tendency to :

(1) perceive simple patterns in terms of complex shapes

(2) perceive complex patterns in terms of simpler shapes

(3) perceive simpler shapes only

(4) perceive complex shapes only

**34.** What is the role of positive and negative reinforcement ?

(1) To increase the likelihood that responses preceding both will be repeated.

(2) To decrease the likelihood that responses preceding negative reinforcement will be repeated.

(3) To increase the likelihood that responses preceding only positive reinforcement will be repeated.

(4) To ensure that there are no negative consequences following the behaviour.

**35.** Match **List-I** with **List-II** and select the **correct** answer by choosing from the codes given below :

| | **List-I** | | **List-II** |
|---|---|---|---|
| (a) | Sensory memory | (i) | Information that passes through a gate and transferred to short term memory |
| (b) | Attention | (ii) | Information subjected to deep processing |
| (c) | Short term memory | (iii) | Temporary storage of sensory information |
| (d) | Elaborative rehearsal | (iv) | Brief storage of information |

**Codes :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (2) | (iii) | (i) | (iv) | (ii) |
| (3) | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |
| (4) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |

Prepp
Your Personal Exams Guide

32. आधारिक गैंगलिया का निम्नलिखित कौन-सा भाग स्ट्रेटम का निर्माण करता है?

(a) अमुग्डाला

(b) कौडेट

(c) पुटामिन

(d) ग्लोबस पैलिडस

**कूट :**

(1) (a) और (b) (2) (a) और (c) (3) (b) और (c) (4) (c) और (d)

33. प्रत्यक्षात्मक समूहीकरण के नियमों में सरलता का नियम निम्नलिखित प्रवृत्ति है :

(1) जटिल आकृतियों के रूप में सरल प्रतिमानों का प्रत्यक्षीकरण

(2) सरल आकृतियों के रूप में जटिल प्रतिमानों का प्रत्यक्षीकरण

(3) केवल सरल आकृतियों का प्रत्यक्षीकरण

(4) केवल जटिल आकृतियों का प्रत्यक्षीकरण

34. सकारात्मक और नकारात्मक पुनर्बलन की क्या भूमिका होती है?

(1) इस संभावना में वृद्धि करना कि दोनों की पूर्ववर्ती अनुक्रियाएँ पुनरावर्तित होंगी।

(2) इस संभावना में कमी लाना कि नकारात्मक पुनर्बलन की पूर्ववर्ती अनुक्रियाएँ पुनरावर्तित होंगी।

(3) इस संभावना में वृद्धि करना कि केवल धनात्मक पुनर्बलन की पूर्ववर्ती अनुक्रियाएँ पुनरावर्तित होंगी।

(4) यह सुनिश्चित करना कि व्यवहार के पश्चात कोई नकारात्मक परिणाम नहीं आये।

35. **सूची-I** और **सूची-II** को सुमेलित कीजिए और नीचे दिए गए कूटों में से **सही** उत्तर का चयन कीजिए :

| | **सूची-I** | | **सूची-II** |
|---|---|---|---|
| (a) | संवेदी स्मृति | (i) | सूचना किसी द्वार से होकर जाती है और अल्पकालिक स्मृति में परिवर्तित होती है |
| (b) | अवधान | (ii) | सूचना का गहन संसाधन होता है |
| (c) | अल्पावधिक स्मृति | (iii) | संवेदी सूचना का अस्थायी भण्डारण |
| (d) | विवरणात्मक पुनराभ्यास | (iv) | सूचना का संक्षिप्त भण्डारण |

**कूट :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (2) | (iii) | (i) | (iv) | (ii) |
| (3) | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |
| (4) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |

**36.** While forming a concept one chooses to take one hypothesis and selects many of its features to quickly form the concept at once :

(1) Successive scanning (2) Conservative focusing

(3) Focus gambling (4) Simultaneous scanning

**37.** Which among the following are the final outcome of curiosity ?

(a) Drives to explore

(b) Increases arousal

(c) Gains information and resources

(d) Reduction in tension

**Codes :**

(1) (b) and (c) (2) (b), (c) and (d) (3) (a) and (d) (4) (a), (b) and (c)

**38.** Read the statement and choose the **correct** answer out of given options :

"If one hand is placed in a container of hot water and other in cold water. Then both hands are placed in a container of lukewarm water." Most people experience :

(1) The hand initially placed in hot water feels the lukewarm water as cool whereas hand initially placed in cold water feels it as hot.

(2) The hand initially placed in hot water feels the lukewarm water as hot whereas hand initially placed in cold water feels it as cold.

(3) Both the hands will have feeling of equal hotness but more than temperature of lukewarm water.

(4) Both the hands will have feeling of equal coldness lower than temperature of lukewarm water.

**39.** An accused is harassed and tortured until he confesses to the crime is an example of :

(1) Negative reinforcement (2) Punishment

(3) Primary reinforcement (4) Secondary reinforcement

36. एक अवधारणा को गढ़ते समय अवधारणा की शीघ्रता से गठन के लिए एक व्यक्ति किसी की परिकल्पना और इसकी बहुत सी विशेषताओं का चयन करता है :

(1) अनुक्रमिक क्रमवीक्षण (2) संकुचित केन्द्रीकरण

(3) द्यूतक्रीड़ा पर संकेन्द्रित (4) समकालिक क्रमवीक्षण

37. निम्नलिखित में से कौन-से उत्सुकता के अंतिम परिणाम हैं?

(a) अन्वेषण का अन्तर्नोद

(b) उद्दोलन वर्धन

(c) सूचनाएँ और संसाधन प्राप्त करना

(d) तनाव में कमी

**कूट :**

(1) (b) और (c) (2) (b), (c) और (d) (3) (a) और (d) (4) (a), (b) और (c)

38. निम्नलिखित कथन को पढ़िए और दिए गए विकल्पों में से **सही** उत्तर का चयन कीजिए :

''यदि एक हाथ गर्म पानी वाले बर्तन में रखा जाता है और दूसरा हाथ ठंडे पानी वाले बर्तन में रखा जाता है। इसके बाद दोनों हाथ गुनगुना पानी वाले बर्तन में रखा जाता है।'' अधिकांश लोगों को इस प्रकार महसूस होगा :

(1) शुरू में गर्म पानी में रखे गए हाथ को गुनगुना पानी ठंडा महसूस होगा जबकि शुरू में ठंडे पानी में रखे गए हाथ को यह गर्म महसूस होगा।

(2) शुरू में गर्म पानी में रखे गए हाथ को गुनगुना पानी गर्म महसूस होगा जबकि शुरू में ठंडे पानी में रखे गए हाथ को यह ठंडा महसूस होगा।

(3) दोनों हाथों को एक ही प्रकार की परंतु गुनगुने पानी से अधिक ऊष्णता महसूस होगी।

(4) दोनों हाथों को एक ही प्रकार की परंतु गुनगुने पानी के ठंडेपन से अधिक ठंडापन महसूस होगा।

39. किसी दोषी व्यक्ति को उसके द्वारा अपराध कबूल किए जाने तक परेशान और प्रताड़ित करना किसका उदाहरण है?

(1) नकारात्मक पुनर्बलन (2) दण्ड

(3) प्राथमिक पुनर्बलन (4) गौण पुनर्बलन

**40.** Which of the following are **not** Mnemonic devices ?

(a) Categorical clustering

(b) Pegword system

(c) Consolidation

(d) Rehearsal

**Codes :**

(1) (a) and (b) (2) (b) and (c) (3) (a) and (c) (4) (c) and (d)

**41.** Read each of the following two statements - **Assertion (A)** and **Reason (R)** and indicate your answer using the codes given below :

**Assertion (A) :** Advertising and media campaigns are based frequently on the availability heuristic.

**Reason (R) :** Consumers recall instances of being satisfied and expect this outcome to recur.

**Codes :**

(1) Both **(A)** and **(R)** are true and **(R)** is the correct explanation of **(A)**.

(2) Both **(A)** and **(R)** are true, but **(R)** is not the correct explanation of **(A)**.

(3) **(A)** is true, but **(R)** is false.

(4) **(A)** is false, but **(R)** is true.

**42.** Match **List-I** with **List-II** and select the **correct** answer by choosing from the codes given below :

| | **List-I (Measures)** | | **List-II (Body part)** |
|---|---|---|---|
| (a) | EMG | (i) | Sweat glands |
| (b) | EEG | (ii) | Iris |
| (c) | GSR | (iii) | Muscles |
| (d) | Pupilometry | (iv) | Cortical neurons |

**Codes :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (2) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |
| (3) | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |
| (4) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |

**40.** निम्नलिखित में से कौन स्मृति सहायक विधियाँ **नहीं** हैं?

(a) वर्गीकरणात्मक गुच्छन

(b) पेगवर्ड प्रणाली

(c) समेकन

(d) पुनराभ्यास

**कूट :**

(1) (a) और (b) (2) (b) और (c) (3) (a) और (c) (4) (c) और (d)

**41.** निम्नलिखित दो कथनों – **अभिकथन (A)** और **तर्क (R)** को पढ़िए और नीचे दिए गए कूटों का उपयोग करते हुए सही उत्तर दीजिए :

**अभिकथन (A) :** विज्ञापन और मीडिया अभियान प्राय: उपलब्धता स्वानुभाविकी पर आधारित होते हैं।

**तर्क (R) :** उपभोक्ता संतुष्ट अनुभवों के दृष्टांतों का स्मरण करते हैं और इसके परिणाम के सामने आने की अपेक्षा रखते हैं।

**कूट :**

(1) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं और **(R)**, **(A)** की सही व्याख्या है।

(2) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं, परंतु **(R)**, **(A)** की सही व्याख्या नहीं है।

(3) **(A)** सही है, लेकिन **(R)** गलत है।

(4) **(A)** गलत है, लेकिन **(R)** सही है।

**42.** **सूची-I** को **सूची-II** के साथ सुमेलित कीजिए तथा निम्नलिखित कूटों का प्रयोग करते हुए **सही** उत्तर का चयन कीजिए :

| | **सूची-I** **( माप )** | | **सूची-II** **( शरीरांग )** |
|---|---|---|---|
| (a) | ई.एम.जी. | (i) | पसीने की ग्रंथियाँ |
| (b) | ई.ई.जी. | (ii) | आइरिश |
| (c) | जी.एस.आर. | (iii) | माँस-पेशियाँ |
| (d) | पुतलीमितिका | (iv) | वल्कुटीय तंत्रिकाकोश |

**कूट :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (2) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |
| (3) | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |
| (4) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |

Prepp
Your Personal Exams Guide

**43.** Read each of the following two statements - **Assertion (A)** and **Reason (R)** and indicate your answer using the codes given below :

**Assertion (A) :** Value of $h^2$ (heritability) derived for a particular population is not the correct estimation for other populations.

**Reason (R) :** Different populations have similar genotypes but they experience different environment.

**Codes :**

(1) Both **(A)** and **(R)** are true and **(R)** is the correct explanation of **(A)**.

(2) Both **(A)** and **(R)** are true, but **(R)** is not the correct explanation of **(A)**.

(3) **(A)** is true, but **(R)** is false.

(4) **(A)** is false, but **(R)** is true.

**44.** What is the **correct** sequence an auditory stimulus takes to reach the primary auditory cortex ?

(1) Cochlear nuclei - Superior olive - Inferior colliculus - Medial geniculate nucleus

(2) Cochlear nuclei - Inferior colliculus - Superior olive - Medial geniculate nucleus

(3) Superior olive - Cochlear nuclei - Inferior colliculus - Medial geniculate nucleus

(4) Medial geniculate nucleus - Inferior colliculus - Superior olive - Cochlear nucleus

**45.** Read each of the following two statements - **Assertion (A)** and **Reason (R)** and indicate your answer using the codes given below :

**Assertion (A) :** Non-equivalent control groups are often encountered in quasi-experimental research.

**Reason (R) :** Quasi-experimental designs are highly useful in policy and program evaluation research.

**Codes :**

(1) Both **(A)** and **(R)** are true and **(R)** is the correct explanation of **(A)**.

(2) Both **(A)** and **(R)** are true, but **(R)** is not the correct explanation of **(A)**.

(3) **(A)** is true, but **(R)** is false.

(4) **(A)** is false, but **(R)** is true.

Prepp
Your Personal Exams Guide

**43.** निम्नलिखित दो कथनों – **अभिकथन (A)** और **तर्क (R)** को पढ़िए और नीचे दिए गए कूटों का उपयोग करते हुए अपना उत्तर दीजिए :

**अभिकथन (A) :** किसी विशेष समष्टि के लिए अभिप्राप्त $h^2$ (आनुवंशिकी) का मान अन्य समष्टियों के लिए सही समापन नहीं है।

**तर्क (R) :** भिन्न-भिन्न समष्टि के समान जिनोटाइप होते हैं परंतु वे भिन्न पर्यावरण का अनुभव करते हैं।

**कूट :**

(1) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं और **(R), (A)** की सही व्याख्या है।

(2) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं, परंतु **(R), (A)** की सही व्याख्या नहीं है।

(3) **(A)** सही है, लेकिन **(R)** गलत है।

(4) **(A)** गलत है, लेकिन **(R)** सही है।

**44.** प्राथमिक श्रावणिक वल्कुट तक पहुँचने के लिए श्रावणिक उद्दीपन का **सही** क्रम क्या है?

(1) कोचलियर न्यूक्लेइ – सुपीरियर ओलिव – इनफीरियर कोलिकुलस – मेडियल जेनिकुलेट न्यूक्लिअस

(2) कोचलियर न्यूक्लेइ – इनफीरियर कोलिकुलस – सुपीरियर ओलिव – मेडियल जेनिकुलेट न्यूक्लिअस

(3) सुपीरियर ओलिव – कोचलियर न्यूक्लेइ – इनफीरियर कोलिकुलस – मेडियल जेनिकुलेट न्यूक्लिअस

(4) मेडियल जेनिकुलेट न्यूक्लिअस – इनफीरियर कोलिकुलस – सुपीरियर ओलिव – कोचलियर न्यूक्लिअस

**45.** निम्नलिखित दो कथनों – **अभिकथन (A)** और **तर्क (R)** को पढ़िए और नीचे दिए गए कूटों का उपयोग करते हुए सही उत्तर दीजिए :

**अभिकथन (A) :** अर्द्ध-प्रायोगिक अनुसंधान में प्राय: अतुल्य-नियन्त्रण समूहों का उपयोग होता है।

**तर्क (R) :** अर्द्ध-प्रायोगिक अभिकल्प, नीति और कार्यक्रम मूल्यांकन अनुसंधान में काफी उपयोगी होते हैं।

**कूट :**

(1) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं और **(R), (A)** की सही व्याख्या है।

(2) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं, परंतु **(R), (A)** की सही व्याख्या नहीं है।

(3) **(A)** सही है, लेकिन **(R)** गलत है।

(4) **(A)** गलत है, लेकिन **(R)** सही है।

Prepp
Your Personal Exams Guide

**Instruction for Q.Nos. 46 to 50 :**

*Read the following paragraph and answer the five questions which follow.*

**Paragraph :** A psychometrician wanted to develop a new test of Abstract Thinking. He prepared eighty items, presumably assessing abstract thinking. Each item had five alternative answers, one of them being correct. The psychometrician carried out item analysis by using item-remainder correlations. Item analysis retained sixty items. To examine internal consistency among the items, inter-item correlations were inspected. Then the split-half reliability coefficient, Kuder - Richardson reliability coefficient, and Cronbach's alpha coefficient were obtained for the sixty item test. The analysis yielded the Cronbach's alpha coefficient of 0.90. Since the test was fairly long and the alpha coefficient was also quite high, an attempt was made to develop two short versions of equal length by randomly dividing the test items. The 60 item version was, then, correlated with the already established abstract reasoning test, using N=500. The correlation between the new and an established test was 0.24, significant at .01 level.

**46.** In the above context, which one of the following correlation should be computed to obtain item-remainder correlations ?

(1) Point biserial correlation
(2) Phi-coefficient
(3) Rank difference correlation
(4) Tetrachoric correlation

**47.** Which one of the following statement would be **true** in the above context ?

(1) Kuder - Richardson reliability coefficient would also be .90, but the split-half reliability coefficient may differ from .90.

(2) Split-half reliability coefficient would also be .90, but the Kuder - Richardson reliability coefficient may differ from .90.

(3) Both Kuder - Richardson reliability coefficient and split-half reliability coefficient would be .90.

(4) The correlation between odd and even parts of the test would be .90.

Prepp
Your Personal Exams Guide

**प्रश्न संख्या 46 से 50 के लिए अनुदेश :**

*निम्नलिखित अनुच्छेद को पढ़िए और उसके नीचे दिए गए पाँच प्रश्नों के उत्तर दीजिए :*

**अनुच्छेद :** एक मनोमितिक अमूर्त चिन्तन का नया परीक्षण विकसित करना चाहता है। वह संभवत: अमूर्त चिंतन का निर्धारण करके अस्सी मद तैयार करता है। प्रत्येक मद के पाँच वैकल्पिक उत्तर हैं जिनमें से एक सही है। मनोमितिक ने मद अधिशेष सहसंबंध का प्रयोग करके मद विश्लेषण किया। मद विश्लेषण में साठ मद प्रतिधारित रखे जाते हैं। मदों के बीच आंतरिक सामंजस्ता की जांच के लिए अंतर-मदीय सहसंबंध का निरीक्षण किया गया। तत्पश्चात साठ मद परीक्षण के लिए खण्डित अर्द्ध विश्वसनीयता गुणांक, कुडर-रिचर्डसन विश्वसनीयता गुणांक और क्रॉनबेक अल्फा गुणांक प्राप्त किए गए। विश्लेषण से क्रॉनबेक अल्फा गुणांक 0.90 प्राप्त हुआ। चूंकि परीक्षण काफी लम्बा था और अल्फा गुणांक काफी अधिक था इसलिए परीक्षण मदों का यादृच्छिक विभाजन करके समान दैर्ध्य के दो छोटे संस्करण विकसित करने का प्रयास किया। तत्पश्चात 60 मद संस्करण को, N = 500 का उपयोग करते हुए पहले से स्थापित अमूर्त तर्क परीक्षण से सहसंबद्ध किया गया। नए और स्थापित परीक्षण के बीच सहसंबंध 0.24 था, जो .01 स्तर पर सार्थक था।

**46.** उपर्युक्त संदर्भ में निम्नलिखित में से किस सहसंबंध की गणना मद अधिशेष सहसंबंध प्राप्ति के लिए की जानी चाहिए ?

(1) बिन्दु द्विश्रेणी सहसंबंध
(2) फाई-गुणांक
(3) कोटि विभेद सहसंबंध
(4) चतुष्कोष्ठ सहसंबंध

**47.** उपर्युक्त संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन सा कथन **सही** होगा ?

(1) कुडर - रिचर्डसन विश्वसनीयता गुणांक भी .90 होगा, किंतु खण्डित-अर्द्ध विश्वसनीयता गुणांक .90 से भिन्न हो सकता है।

(2) खण्डित अर्द्ध विश्वसनीयता गुणांक भी .90 होगा, किंतु कुडर रिचर्डसन विश्वसनीयता गुणांक .90 से भिन्न हो सकता है।

(3) कुडर रिचर्डसन विश्वसनीयता गुणांक और खण्डित अर्द्ध-विश्वसनीयता गुणांक .90 होगा।

(4) परीक्षण के सम और विषम भागों के बीच सहसंबंध .90 होगा।

Prepp Your Personal Exams Guide

**48.** To obtain inter-item correlations, which one of the following correlation coefficient should be used in the above analysis ?

(1) Biserial correlation
(2) Point biserial correlation
(3) Phi-coefficient
(4) Rank difference correlation

**49.** What is the expected Cronbach alpha for the short versions, referred to in the paragraph ?

(1) 0.45
(2) 0.67
(3) 0.82
(4) 0.90

**50.** Which one of the following conclusion can be drawn from the data provided above ?

The new Abstract Thinking Test has :

(1) Satisfactory convergent validity
(2) Satisfactory divergent validity
(3) Satisfactory concurrent validity
(4) Unsatisfactory concurrent validity

- o 0 o -

Prepp Your Personal Exams Guide

**48.** अन्तर–मद सहसंबंध प्राप्त करने के लिए उपर्युक्त विश्लेषण में निम्नलिखित में से किस सहसंबंध का उपयोग करना चाहिए ?

(1) द्विश्रेणी सहसंबंध
(2) बिन्दु–द्विश्रेणी सहसंबंध
(3) फाई गुणांक
(4) कोटि विभेद सहसंबंध

**49.** अनुच्छेद में उल्लिखित लघु संस्करण के लिए प्रत्याशित क्रॉनबेक अल्फा क्या है ?

(1) 0.45
(2) 0.67
(3) 0.82
(4) 0.90

**50.** ऊपर दिए गए प्रदत्त से क्या निष्कर्ष निकाला जा सकता है ?

नया मूर्त चिंतन परीक्षण में होता है :

(1) संतोषजनक अभिसरक वैधता
(2) संतोषजनक अपसरण वैधता
(3) संतोषजनक समवर्ती वैधता
(4) असंतोषजनक समवर्ती वैधता

- o 0 o -

Prepp Your Personal Exam Guide